सत्यमेव जयते

राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
साधिकार प्रकाशित	*Published by Authority*
अग्रहायण 2, सोमवार, शाके 1942–नवम्बर 23, 2020 *Agrahayana 2, Monday, Saka 1942–November 23, 2020*	

भाग 6 (क)

नगरपालिकाओं संबंधी विज्ञप्तियों आदि

राज्य निर्वाचन आयोग, राजस्थान

अधिसूचना

जयपुर, नवम्बर 23, 2020

प्ररूप-1

(नियम-10 देखिये)

आशयित निर्वाचन का लोक नोटिस

नगरपालिका बोर्ड के निर्वाचन के लिये

संख्या एफ.4(1)(1)/नपा/रानिआ/2020/Part III/10163 :-इसके द्वारा सूचना दी जाती है कि -

1. निम्नलिखित **नगरपालिका बोर्ड/नगरपरिषद के वार्डों से स्थानों को भरने के लिये साधारण निर्वाचन किया जाना है** :-

राजगढ़, खेड़ली, तिजारा, खैरथल, बहरोड़ एवं किशनगढबास (अलवर), बारा एवं अन्ता (बारां), धौलपुर, बाडी एवं राजाखेड़ा (धौलपुर), दौसा, बांदीकुई एवं लालसोट (दौसा), रायसिंहनगर, गजसिंहपुर, केसरीसिंहपुर, श्रीकरणपुर, अनूपगढ़, श्रीविजयनगर, सादुलशहर एवं पदमपुर (श्रीगंगानगर), चौमू, सांभर, चाकसू, कोटपूतली, फुलेरा, शाहपुरा, विराटनगर, जोबनेर, बगरू एवं किशनगढ-रेनवाल (जयपुर), पिपाड़सिटी एवं बिलाड़ा (जोधपुर), रामगंजमण्डी एवं ईटावा (कोटा), सवाईमाधोपुर एवं गंगापुरसिटी (सवाईमाधोपुर), हिण्डौन, करौली एवं टोडाभीम (करौली), आबूरोड (सिरोही) और बयाना, भुसावर, डीग, कामां, कुम्हेर, नदबई, नगर एवं वैर (भरतपुर)

2. निर्वाचन के लिए कार्यक्रम निम्नानुसार है :-

(क)	तारीख और समय, जिसके बीच नाम निर्देशन पत्र अभिप्राप्त किये जायेंगे।	:	दिनांक 23.11.2020 से दिनांक 27.11.2020 तक प्रात: 10.30 से अपराह्न 3.00 बजे के मध्य
(ख)	नामनिर्देशन पत्रों की संवीक्षा के लिए तारीख	:	01.12.2020
(ग)	अभ्यर्थिता वापिस लेने के लिए अंतिम तारीख	:	03.12.2020 को अपराह्न 3.00 बजे तक
(घ)	मतदान की तारीख	:	11.12.2020
(ड़)	मतदान का समय	:	प्रात: 8.00 बजे से सायं 5.00 बजे तक

आज्ञा से,

अशोक कुमार जैन,

उप सचिव

3428

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।